# “लोकतंत्र में संवाद महत्वपूर्ण”

## भारतीय युवा संसद में बोले राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में संवाद का सर्वाधिक महत्त्व हैं। इसी से निर्णय संभव होते हैं, सहमति बनती है और लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्वभर में सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि यह संवाद से लोक कल्याणकारी निर्णय लेने वाला भी सबसे बड़ा राष्ट्र है। उन्होंने भारत को

**■ भारत में लोकतंत्र की जगह प्राचीन काल से ही मजबूत : देवनानी**

विश्व का सबसे बड़ा युवा देश बताते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही भारत भविष्य का सबसे विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने युवाओं को “विकसित भारत 2047” के लिए जुटने का आव्हान करते हुए कहा कि भविष्य के विकास रथ के सारथी वही रहेंगे।

बागड़े रविवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के सभागार में “भारतीय युवा संसद” के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संवाद से सुस्वाद होता है और सुस्वाद से मैत्री होती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग शक्ति और साहस का पुंज होता है। आजादी से पहले पूरे 90 साल तक युवाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। अनंत कांहेरी, खुदीराम बोस आदि युवा थे, तभी से अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने युवाओं की शक्ति, दूसरे विश्व युद्ध और ब्रिटिश संसद में लोकशाही चुनाव कानून पारित करने की चर्चा करते हुए कहा कि युवा भागीदारी ने देश की आजादी में महती भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र विकास के नए आयाम स्थापित किए जाने, अर्थव्यवथा को मजबूत करने और देश को ज्ञान की दृष्टि से विश्वभर में अग्रणी किए जाने पर जोर दिया।

विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विश्व लोकतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन काल से ही बहुत मजबूत रही हैं। यहां परिवार, समाज में आज भी लोकतंत्र की जड़ें जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि युवा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करें। सहिष्णुता में जो कमी आ रही है, उस पर ध्यान दें। देवनानी ने कहा कि हमें राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करने होंगे। देवनानी ने कहा कि युवाओं में संसदीय परंपराओं और नियमों का प्रसार होना आवश्यक है। युवाओं में चुनौतियों का मुकाबला करने की शक्ति आए, ऐसा वातावरण बनाया जाना भी जरूरी है। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं द्वारा मेज़ थपथपाने को देखकर कहा कि यह युवाओं के लोकसभा, विधानसभा की ओर बढ़ने का प्रारंभ है। उन्होंने अधिकारों के साथ साथ युवाओं को कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में नागरिक सहभागिता अधिक से अधिक बढ़े, इसमें युवा आगे आएं। जवाबदेही रखते हुए हम लोकतंत्र को और मजबूत करें। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादिर ने लोकतंत्र को संवाद की संसद बताते हुए राष्ट्र में युवाओं की सहभागिता को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि युवा संसद का अर्थ है, युवाओं में संवाद बना हुआ है। उन्होंने राजस्थान मे इसे महत्वपूर्ण बताया। आरंभ में जयपुर ग्रेटर की मेयर डा. सौम्या गुर्जर ने स्वागत उद्बोधन दिया। “भारतीय युवा संसद” के आशुतोष जोशी ने युवा संसद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने “लोकतंत्र की विरासत” पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 24 राज्यों से आए युवाओं ने भागीदारी की।



**राज्यपाल बागडे ने बागड़े रविवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्ययूट के सभागार में ‘‘भारतीय युवा संसद’’ के कार्यक्रम में ‘‘लोकतंत्र की विरासत’’ पुस्तक का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और जयपुर ग्रेटर की मेयर डॉ.सौम्या गुर्जर मौजूद थीं।**

# सर्वहित सर्वोपरि है वैश्य समाज का मूलमंत्र : बिरला

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। यहां श्यामनगर स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में समाज की बड़ी भूमिका रही है। आजादी के संघर्ष में सक्रिय भूमिका के साथ तो कभी भामाशाह के रूप में क्रांतिकारियों का सहयोग के रूप में समाज ने अपना योगदान दिया। समाज में सभी के हित के लिए कार्य करने की संस्कृति वैश्य समाज की पहचान भी है और ताकत भी है। सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के विजन में वैश्य समाज की भूमिका पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश तेजी से बदल रहा है। भारत अब केवल बाजार नहीं बल्कि दुनिया का ग्रोथ इंजन है। वैश्य समाज की पहचान व्यापारिक क्षमता, उद्यमिता से भी है। आर्थिक समृद्धि के स्तंभ के रूप में समाज को आत्म निर्भर भारत की यात्रा में सकारात्मक योगदान देना होगा।

बिरला ने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा सेवा व समर्पण से काम किया। ये समर्पण का भाव हमें हमारे पूर्वजों से मिला है। हमारे पूर्वजों ने अपरिग्रह के सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए कार्य किया।

# मुख्यमंत्री ने रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य को श्रद्धांजलि दी



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के दांतारामगढ़ क्षेत्र के रैवासा धाम में अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्यजी के देवलोक गमन पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा रैवासा के नए पीठाधीश्वर राजेन्द्रदासजी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर महाराज श्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री को रैवासा धाम के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) झाबर सिंह खर्रा, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोवर्धन वर्मा, सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती सहित साधु-संत व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।**

## भजनलाल शर्मा से ओम बिरला की मुलाकात

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके जयपुर स्थित आवास पर भेंट की। इस दौरान दोनों के दोनों के बीच राजस्थान के सन्दर्भ में विविध विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त स्पीकर बिरला ने राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने भी शिष्टाचार भेंट की।

## 3200 वर्गमीटर भूमि से हटाया अतिक्रमण

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने 3200 वर्गमीटर जेडीए की बेशकीमती जमीन से अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटवाया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल क्षेत्र में होटल मैरियट के पीछे इस बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमणकर्ताओं ने थड़ियां और 3 झोपड़ी लगाकर कब्जा कर लिया था। जेडीए प्रशासन ने अतिक्रमियों को नोटिस भी दिया था, रविवार को ध्वस्तीकरण कार्रवाई की।

# राधेश्याम शर्मा अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण यादव मंत्री बने

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ की बैठक रविवार को भारतीय विद्या निकेतन स्कूल रामपुरा डाबड़ी में आयोजित की गई। इसमें जयपुर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

किसान संघ के संभाग प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चंदेल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बटेसर ने कहा है कि किसानों को अपना भविष्य स्वयं को तय करना होगा क्योंकि किसान का भविष्य नेता तय नहीं करेंगे। हमें ही अपनी समस्याओं की आवाज़ उठानी होगी। प्रांत महामंत्री डा साँवरमल सोलेट ने कहा कि किसानों को ग्राम समितियों की नियमित बैठक करनी चाहिए। गांवों की समस्याओं का निपटारा गाँव में ही करना होगा। पटवारी, ग्राम सेवकों के चंगुल से किसानों को बचाना है। गाँव में आज युवा भ्रमित होकर नशे का आदी होते जा रहे हैं, उसका निदान हमें गाँव समितियों में बैठकर करना होगा। इसके पूर्व जयपुर ज़िले की कार्यकारिणी का

**■ भारतीय किसान संघ की जयपुर ज़िले की कार्यकारिणी का गठन**

गठन किया गया। इसमें जिलाध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, मंत्री लक्ष्मी नारायण यादव को बनाया गया। कार्यकारिणी में बगरंगलाल शर्मा तिलपट्टी, तेजाराम सोढ, जगदीश गेना, रामनिवास शर्मा, हरफूल निठालवाल, भगवान बिजारणिया, बोदूराम निठारवाल, बनवारी योगी, ओमप्रकाश लंबा, गोपाल बुनकर, ओम प्रकाश शर्मा, कानाराम दादरवाल, मुकेश शर्मा, यशोदा मीणा, यमुना दत्त शर्मा, माम राज, हनुमान, गोपाल, रामेश्वर को स्थान दिया गया है। इनके कार्यों का विभाजन बाद में किया जाएगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष छोगाराम सैनी, प्रांत अध्यक्ष कालूराम बाँगड़ा, प्रांत युवा प्रमुख गोपाल सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री करण सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवा किसानों को विदेशों में प्रशिक्षण दिलाएगी सरकार

**जयपुर ।** प्रदेश के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों के हितो में निरंतर फैसले ले रही राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा में नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले चरण में इन प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा जहां कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं एवं उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह और काम लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है।

नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत चयन के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं, उनमें सामान्य कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला कृषकों के पास 0.5 हेक्टर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो, पिछले 10 वर्षों से लगातार खेती कर रहा हो, कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पंप, ड्रोन, फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पोंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो आदि शामिल है।

इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र चयनित होने वाले युवा दुग्ध उत्पादक या पशुपालक के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं उनमें वास्तविक रूप से

**■ 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे**

कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊँट या 50 भेड़-बकरी का स्वामित्व रखता हो, पिछले 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हो, उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो, डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया हो तथा जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो।

इन मापदंडों को पूरा करने वाले युवा प्रगतिशील कृषक अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम से संबंधित जानकारी के लिए युवा कृषक कृषि, उद्यान अथवा पशुपालन विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम के तहत पहले चरण में चयनित 100 युवा किसानों में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे। कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने वाले कृषकों की उम्र 55 वर्ष से कम हो साथ ही, वैध पासपोर्ट होना भी आवश्यक है।

# सहकारिता हमारी संस्कृति : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सहकारिता भारत की पुरातन संस्कृति है। हम सभी आपसी सहयोग से राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। सहकारिता आंदोलन भी राष्ट्र प्रथम की भावना के अनुरूप कार्य करता है।

देवनानी ने यहां चांदपोल बाजार में दी राजस्थान अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के नए भवन का फीता काट कर उद्घाटन किया। देवनानी ने कहा कि बैंक का नया भवन शहर के बाजार में होने से यहां के लघु उद्यिमयों को इसका फायदा त्वरित गति से मिल सकेगा। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक मौजूद थे। समारोह में राम प्रसाद, जीतू वर्मा, डॉ. निहारिका रायजादा और बैंक के अध्यक्ष कृष्ण कुमार टाक भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह बैंक सहकारिता क्षेत्र के सबसे पुराने बैंकों में से है।

जो वर्ष 1961 से कार्य कर रहा है। बैंक वर्ष 2010 से कम्प्यूटरीकृत है। राज्य के सहकारी क्षेत्र के बैंकों में यह पहला बैंक है, जिसने कोर बैंकिंग सॉल्यूशन पर कार्य करना प्रारम्भ किया। बैंक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के उद्यमों के लिए ऋण प्रदान कर निम्न आय वर्ग के उद्यमियों को सहायता प्रदान करता है। बैंक में स्वयं सहायता समूहों के लिए भी राज्य सरकार की योजनाओं के तहत खाते खोले जाते हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी : मदन राठौड़

**जयपुर/नागौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में आज नागौर के खींवसर विधानसभा में उपचुनावों को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी विजया राहटकर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, ज्योति मिर्धा, नारायण पंचारिया, महामंत्री जितेंद्र गोठवाल और राजस्थान सरकार के मंत्री सुरेश रावत ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

राठौड ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित वो पार्टी है जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा में “बूथ जीते को चुनाव जीते” नीति पर कार्य करते हुए आमजन को जोड़ा जाता है। भाजपा अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य कर रही है। भाजपा का सदस्यता अभियान भी इसी बूथ प्रबंधन को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति और नीति से आमजन को अवगत कराते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं को समझाना चाहिए और मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बूथ व मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा करते हुए खींवसर उपचुनाव की जीत को लेकर रणनीति बनाई।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे उपचुनाव की तैयारियों में जुट जाए। भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है, यहां कार्यकर्ता विचार और संगठन के अनुशासन का अनुसरण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रयत्नों से सरकार के काम को घर-घर पहुंचाकर उनको सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है और कार्यकर्ता परिवार के भाव के साथ काम करता है। उपचुनाव में कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर पार्टी के लिए काम करने की अपील की।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT DATTANI, PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/DATTANI/188 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Dattani are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Dattani and Office of the Panchayat Samiti, Reodar(Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00079**

**VDO, Gram panchayat , Dattani** | **Sarpanch, Gram panchayat , Dattani**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT BHERUGRH, PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/BHERUGRH/148 Date- 12.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Bherugrh are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Bherugrh and Office of the Panchayat Samiti, Reodar(Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00045**

**VDO, Gram panchayat , Bherugrh** | **Sarpanch, Gram panchayat , Bherugrh**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT POSITARA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/POSITARA/272 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Positara are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Positara and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00082**

**VDO, Gram panchayat , Positara** | **Sarpanch, Gram panchayat , Positara**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT VARMAN PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/VARMAN/253 Date- 12.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Varman are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Varman and Office of the Panchayat Samiti, Varman (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00046**

**VDO, Gram panchayat , Varman** | **Sarpanch, Gram panchayat , Varman**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT DAK PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/DAK/90 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Dak are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Dak and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00049**

**VDO, Gram panchayat , Dak** | **Sarpanch, Gram panchayat , Dak**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT GUNDWARA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/GUNDWARA/56 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Gundwara are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Gundwara and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi). **UBN is: PIY2425SLOB00054**

**VDO, Gram panchayat , Gundwara** | **Sarpanch, Gram panchayat , Gundwara**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SIRODI PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/SIRODI/163 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Sirodi are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Sirodi and Office of the Panchayat Samiti, Sirodi (Sirohi). **UBN is: PIY2425SLOB00068**

**VDO, Gram panchayat , Sirodi** | **Sarpanch, Gram panchayat , Sirodi**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT MAROL PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/MAROL/125 Date- 12.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Marol are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Marol and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00072**

**VDO, Gram panchayat , Marol** | **Sarpanch, Gram panchayat , Marol**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT NIMBAJ PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/NIMBAJ/136 Date- 14.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Nimbaj are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Nimbaj and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi). **UBN is: PIY2425SLOB00075**

**VDO, Gram panchayat , Nimbaj** | **Sarpanch, Gram panchayat , Nimbaj**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT JOLPUR PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/JOLPUR/586 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Jolpur are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Jolpur and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi). **UBN is: PIY2425SLOB00062**

**VDO, Gram panchayat , Jolpur** | **Sarpanch, Gram panchayat , Jolpur**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT PAMERA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/PAMERA/55 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Pamera are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Pamera and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00077**

**VDO, Gram panchayat , Pamera** | **Sarpanch, Gram panchayat , Pamera**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT PITHAPURA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/PITHAPURA/295 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Pithapura are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Pithapura and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00080**

**VDO, Gram panchayat , Pithapura** | **Sarpanch, Gram panchayat , Pithapura**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SONELA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/SONELA/46 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Sonela are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat sonela and Office of the Panchayat Samiti, Sonela (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00065**

**VDO, Gram panchayat , Sonela** | **Sarpanch, Gram panchayat , Sonela**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT SELWARA PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/SELWARA/36 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Selwara are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Selwara and Office of the Panchayat Samiti, Selwara (Sirohi) **UBN is: PIY2425SLOB00069**

**VDO, Gram panchayat , Selwara** | **Sarpanch, Gram panchayat , Selwara**

**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT RAIPUR PANCHAYAT SAMITI, REODAR (SIROHI)**

Sr.No./GP/RAIPUR/88 Date- 13.09.2024

**: Notice Inviting Bid :**

Open e-Bids are Invited for Work including agarbage collection and separation from Homes and Commercial establishments, Roads and Drain Cleaning and Cleaning of Community Sanitation Complex in all the village of Gram Panchayat Raipur are invited from interested bidders upto 06:00 pm,25.09.2024. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state And also at the office of the Gram Panchayat Raipur and Office of the Panchayat Samiti, Reodar (Sirohi). **UBN is: PIY2425SLOB00083**

**VDO, Gram panchayat , Raipur** | **Sarpanch, Gram panchayat , Raipur**